## एयरटेल का लाभ 55 फीसदी घटकर 6,631 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 55 प्रतिशत घटकर 6,630.5 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 14,781.2 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में भारत की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी की परिचालन आय 19.6 प्रतिशत बढ़कर 53,982 करोड़ रुपये रही। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 45,129.3 करोड़ रुपये थी।

# क्रिप्टोकरेंसी बाजार में लिक्विडिटी खत्म! क्या कौड़ियों के भाव बिकेगा बिटकॉइन?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी, बिटकॉइन, इस समय एक गहरे संकट के दौर से गुजर रही है। एक महीने में बिटकॉइन 18 प्रतिशत गिर चुकी है। अपने ऑल-टाइम हाई 1,26,198 डॉलर से यह अब तक करीब 40 प्रतिशत टूट चुका है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौजूदा परिस्थितियां नहीं बदलीं, तो इसमें 70 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। बिटकॉइन ने अभी तक अपना 'बॉटम' (निचला स्तर) कन्फर्म नहीं किया है। बिकवाली का दबाव अभी भी हावी है। भले ही बाजार में एकदम से कोई बड़ा क्रैश न आए, लेकिन एक लंबा 'साइडवेज फेज' देखने को मिल सकता है।

### मार्केट में नया पैसा नहीं आ रहा

बिटकॉइन में आई यह हालिया गिरावट कोई 'टेक्निकल चार्ट फेलियर' नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर लिक्विडिटी की कमी का परिणाम है। क्रिप्टोक्वांट के सीईओ की यंग जू के अनुसार, बाजार में बिकवाली का दबाव तो बना हुआ है, लेकिन नया पैसा नहीं आ रहा है। जब तक बाजार में नया कैश फ्लो बना रहता है, कीमतें ऊपर की ओर भागती हैं। पिछले साल की तेजी इसी 'न्यू मनी' के दम पर थी।

## अपने हाई से अब तक 40 प्रतिशत टूट चुका, एक माह में बिटकॉइन 18 फीसदी गिर चुका



### प्रॉफिट बुकिंग

बिटकॉइन को पिछले काफी समय से ईटीएफ और माइक्रोस्ट्रेटजी जैसी बड़ी कंपनियों की खरीदारी ने सहारा दिया हुआ था। शुरुआती निवेशक जो भारी मुनाफे पर बैठे थे, वे पिछले एक साल से धीरे-धीरे अपना प्रॉफिट बुक कर रहे थे। इस बिकवाली को संस्थागत खरीदारों के इनफ्लो ने अब्सॉर्ब कर लिया, जिसकी वजह से बिटकॉइन 1 लाख डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर के आसपास टिका रहा। हालांकि, अब स्थिति बदल चुकी है। वह मजबूत इनफ्लो अब सूख चुका है। जब बड़े खरीदार शांत हो जाते हैं और रिटेल निवेशक डरे हुए होते हैं तो बाजार में लिक्विडिटी का संकट गहरा जाता है, जो कीमतों को नीचे धकेलने का काम करता है।

### 70 फीसदी क्रैश की संभावना

बिटकॉइन कई बार 70 प्रतिशत से अधिक टूट चुका है। आखिरी बार ऐसा 2021-2022 के दौरान हुआ था, जब कीमतें 69,000 से गिरकर 15,500 डॉलर के करीब आ गई थीं। की यंग जू का तर्क है कि इस बार भी वैसा ही 'डीप क्रैश' आ सकता है, लेकिन उसके पीछे एक बड़ी शर्त है। उनके मुताबिक, अगर माइक्रोस्ट्रेटेजी जैसी दिग्गज कंपनियां, जो वर्तमान में सबसे बड़ी बिटकॉइन होल्डर हैं, अपनी रणनीति बदल देती हैं और आक्रामक खरीदार से आक्रामक विक्रेता बन जाती हैं तो बाजार को संभालना नामुमकिन होगा। यदि बिटकॉइन अपने मौजूदा ऊंचे स्तरों से 70 प्रतिशत गिरता है, तो इसकी कीमत 37,859 डॉलर तक गिर सकती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बैकफुट पर शिक्षा...

थे, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। शासकीय स्कूल अपने स्तर पर परीक्षाएं नहीं ले सकेंगे। इन कक्षाओं के लिए परीक्षाओं का आयोजन जिला शिक्षा कार्यालय करेगा।

प्रश्नपत्र तैयार किए जाने से लेकर इनकी छपाई तक का जिम्मा जिला शिक्षा कार्यालय पर ही रहेगा। संपूर्ण आदेश पूर्व की ही तरह है, केवल निजी विद्यालयों को इससे बाहर किया गया है। वहीं निजी स्कूल संघ ने इस फैसले को राहत भरा बताया है।

### नहीं बन सकी...

नहीं हो सका है। ऐसे में डीपीआई द्वारा तय तिथियों में परीक्षाएं लेने और समय पर कोर्स पूर्ण करने अतिरिक्त कक्षाओं की आवश्यकता होगी।

### पूर्व निर्धारित तिथियों...

प्रश्नपत्र छपकर जिला शिक्षा कार्यालय में पहुंच जाएंगे। जहां से स्कूलों को इसका वितरण किया जाएगा। उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन स्थानीय स्तर पर होगा। 20 अप्रैल तक सभी विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाएं अनिवार्य रूप से जांचनी होगी। परिणामों की घोषणा 30 अप्रैल को होगी। शेष अन्य निर्देश भी पूर्व की तरह ही रहेंगे।

### विपक्ष पर मोदी...

रहे हैं, इसलिए उन्होंने मोदी की कब्र खोदनी है। नेहरू जी के समय में हमने सिंधु जल समझौता कर के जो गलती की थी, उसे मोदी ने हटा दिया, इसलिए मोदी की कब्र खोदते हुए।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, असल में कांग्रेस की परेशानी दूसरी है। उनकी परेशानी है कि मोदी यहां तक पहुंचा कैसे। उन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री पद उनके परिवार की जागीर है। यह जो मोहब्बत की दुकान में आग भरी है न उसका परिणाम है। उन्हें लगता है कि यह प्रधानमंत्री पद हमारा अधिकार था, इसलिए वे मोदी की कब्र खुदने का नारा लेकर चल रहे हैं। कांग्रेस के शाही परिवार को देश ने इतने दशकों तक अवसर दिया है। देश ने अपना भविष्य आपके लिए भी दांव पर लगाया था। कांग्रेस के एक भी आज तक गरीबी हटाने की बात न आई हो ऐसा नहीं हुआ, लेकिन उन्होने इसे हटाने के लिए किया क्या, यह आज तक सामने नहीं आया।

शायराना अंदाजा पर विपक्ष पर हमला—

हंगामे पर —

प्रधानमंत्री ने भाषण की शुरुआत के दौरान कहा, मेरी एक प्रार्थना है। आदरणीय खरगे जी की उम्र को देखते हुए अगर वे बैठकर भी नारे लगाना चाहें तो लगा सकते हैं। पीछे कुछ युवा नेता भी हैं।

जो थक गए, वो चले गए—

पीएम ने कहा, जो लोग थक गए, वो बेचारे चले गए, लेकिन इनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की ऐसी हालत कैसे बना रखी थी कि दुनिया का कोई देश हमसे समझौता करने नहीं आना चाहता था।

निमर्मता के नए पैरामीटर—

पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा और कहा, हमारे तृणमूल कांग्रेस के साथियों ने बहुत कुछ कहा। निर्मम सरकार और उसके पतन के जितने भी पैरामीटर्स हैं, उन सब में वे नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और यहां उपदेश दे रहे हैं।

जिनकी सरकार शराब में डूब गई—

एक हमारे माननीय सदस्य यहां बैठे बोल रहे थे। जिनकी सरकार शराब में डूब गई। जिनका शीशमहल हर एक की आंखों में बैठ गया। ऐसे सभी साथियों से मैं कहूंगा कि तुम कितना दुनिया को धोखा दोगे, आईना देख लिया तो अपनी सच्चाई कहां छिपाओगे?

### नेहरू और इंदिरा...

जनसंख्या थी 35 करोड़। 35 करोड़ देशवासी नेहरू जी को समस्या लगते थे। इस बात का उदाहरण देते हुए इंदिरा जी ने आगे कहा- आज देश की जनसंख्या 57 करोड़ है। इसलिए मेरे लिए समस्या भी इतनी ही है। उन्हें अब 57 करोड़ लोग समस्या लगने लगे थे। नेहरू जी हों, इंदिरा जी हों या पूरी कांग्रेस बिरादरी हो, ये लोग देशवासियों को समस्या मानते थे। ऐसे लोग सिर्फ अपने परिवार का ही भला करेंगे। मैंने देश के सामने कहा है क्योंकि ये मेरा कन्विक्शन है। चुनौतियां कितनी ही क्यों न हों, 140 करोड़ लोग हमारे साथ हैं। हमारे लिए हर देशवासी भारत का कर्ता-धर्ता है।

### जो बस्तर कभी...

उन्हें उसी अवस्था में जीने के लिए मजबूर कर दिया गया। इन क्षेत्रों में विकास के अभाव ने हालात को और बदतर बना दिया था। स्थिति यहां तक पहुंच गई थी कि ऐसे जिलों को पनिशमेंट पोस्टिंग के लिए उपयुक्त माना जाने लगा था, जिससे वहां की व्यवस्था और अधिक बिगड़ती चली गई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस सोच और संस्कृति को बदला गया। यह निर्णय लिया गया कि पिछड़े क्षेत्रों में योग्य, युवा और होनहार अधिकारियों को तैनात किया जाएगा और उन्हें पूरे तीन वर्ष का समय दिया जाएगा, ताकि वे स्वतंत्र रूप से काम कर सकें। एक के बाद एक ठोस निर्णय लिए गए और आज उनके परिणाम देश देख रहा है।

### पीएम के मार्गदर्शन,...

सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्रामों में स्थान मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग चार दशकों तक नक्सलवाद के कारण विकास इस पूरे क्षेत्र को छू नहीं पाया, जबकि बस्तर का क्षेत्रफल केरल राज्य से भी बड़ा है। अब स्थिति तेजी से बदल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प, स्पष्ट नीति और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस के कारण बस्तर में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और विकास ने नई गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि इसी विश्वास और उत्साह का परिणाम है कि बस्तर ओलंपिक का आयोजन पिछले वर्ष से किया जा रहा है। पिछले वर्ष इसमें 1 करोड़ 65 लाख युवाओं की भागीदारी रही, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढ़कर 3 करोड़ 91 लाख तक पहुंच गई है। इसी तरह बस्तर पंडुम का आयोजन भी पिछले वर्ष किया गया और इस वर्ष भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम का शुभारंभ 7 तारीख को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के करकमलों से होगा, जबकि समापन 9 तारीख को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में भी कई बार बस्तर और बस्तर ओलंपिक का उल्लेख किया जाना पूरे छत्तीसगढ़ और विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर अब भय और पिछड़ेपन की पहचान नहीं, बल्कि विश्वास, विकास और संभावनाओं का प्रतीक बन रहा है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि नीति, नीयत और नेतृत्व सही हो, तो दशकों की उपेक्षा को भी बदला जा सकता है।

### शाह 7 को आएंगे,...

श्री शाह होटल मेफेयर जाएंगे। यहां पर रात्रि विश्राम करेंगे।

**8 को दिन पर बैठकों का दौर-**

अगले दिन 8 फरवरी को नक्सलवाद पर दिन भर बैठकों का दौर चलेगा। पहले चरण में 11 से 12.45 बजे तक बैठक होगी। इसके बाद 12.45 से 2.00 बजे तक नक्सलवाद की समीक्षा बैठक होगी। दोपहर को 2 से 3 बजे का समय भोजन के लिए रहेगा। इसके बाद फिर से 3.00 से लेकर 4.15 बजे तक बैठक होगी। 4.15 से 5.00 बजे का समय आरक्षित रखा गया है। 5.00 से लेकर 6.10 बजे तक श्री शाह साप्ताहिक पत्रिका 'ऑर्गेनाइजर' के 'भारत प्रकाशन' द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कॉनक्लेव 'छत्तीसगढ़ @ 25 शिफ्टिंग द लेंस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद का समय रात्रि भोजन और रात्रि विश्राम के लिए आरक्षित है।

### कार्बन फैक्ट्री के...

शिव की पत्नी उदासिनी और मासूम बच्ची भूमि तक उसकी आंच पहुंच गई। सभी बुरी तरह से जल गए थे। इसी फर्नेस के पास ही मां-बेटे प्रिया सारथी पति चमार सिंह नंदेली (32) और राज पिता चमार सिंह नंदेली भी काम कर रहे थे। ये दोनों भी गंभीर रुप से झुलस गए। इसी तरह वहीं काम कर रहे एक अन्य कौशल कुमार पटेल पिता पतिरात पटेल, रजघटा (21) भी गंभीर रुप से जल गया। दो को छोड़कर बाकी सभी करीब 80 फीसदी जलने की बात सामने आ रही है। प्रिया सारथी और कौशल कुमार की हालत ठीक है, जिनका इलाज जिंदल अस्पताल में चल रहा है। बाकी सभी को रायपुर रेफर कर दिया गया है। इस प्लांट में दो सौ से अधिक लोग काम करते हैं। सभी जहां ब्लास्ट हुआ था वहां पहुंच गए। इस हादसे में सात लोग पूरी तरह से झुलस गए थे। तत्काल गांव वालों की मदद से उनको खरसिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद रायगढ़ जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। यहां से भी शुरु में ही दो को जिंदल अस्पाल रेफर किया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं पांच को रायपुर रेफर कर दिया गया है। खास बात यह है कि इस ब्लास्ट में दो परिवार पूरी तरह से झुलस गया है, जिसमें एक 9 महीने की मासूम बच्ची थी शामिल है। गंभीर रुप से झुलसे एक परिवार पिता-पुत्र, बहु और नातिन शामिल है। वहीं एक परिवार में मां- बेटा दोनों झुलस गए हैं। एक अन्य भी इस हादसे का शिकार हुआ है।

**पुलिस को नहीं मिला मालिक-**

घटना के बाद खरसिया पुलिस तो मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन देर शाम तक मालिक का नाम ढूंढ नहीं पाई थी। जानकारी मिली है कि यह प्लांट खरसिया निवासी बिल्लु गर्ग का है। हालांकि जो जानकारी मिली है उसके अनुसार इसका संचालन कोई और करता है। याने बतौर मैनेजर वहां तीन लोग काम करते हैं। पुलिस अब किसके नाम पर मामला दर्ज करेगी यह जांच के बाद ही पता चल सकता है।

**औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की पहुंची टीम-**

घटना की सूचना मिलते ही औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच गई थी। उप संचालक राहुल भगत ने बताया कि प्रारंभिक जांच में फर्नेस का ढक्कन बिना ठंडा हुए खोलने का मामला सामने आ रहा है। हालांकि अभी जांच चल ही रही है। पूरी जांच और पंचनामा बनाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

**घायलों को भेजा गया अस्पताल-**

मंगल कार्बन फैक्ट्री में ब्लास्ट की घटना सामने आई है। इस हादसे में घायल हुए लोगों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दो लोगों का इलाज जिंदल अस्पताल में चल रहा है। बाकी लोगों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है।

प्रभात पटेल, एसडीओपी, खरसिया

### मित्रता, फिर फ्राड...

अधीक्षक, जिला दंतेवाड़ा के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की प्राथमिक जांच प्रतिवेदन में वित्तीय लेनदेन, जांच में दिए गए कथन एवं वाट्सएप चैट के तथ्यों में विरोधाभासी, कर्तव्य के दौरान अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करना, अपने पद का दुरुपयोग करना एवं अनुपातहीन सम्पत्ति अर्जित करना पाया गया। यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1966 के नियम-3 के विपरीत है। इसीलिए राज्य शासन कल्पना वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक, जिला दंतेवाड़ा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय पुलिस मुख्यालय, नया रायपुर, अटल नगर रहेगा।

### मलकानगिरी में होगा...

तीन किलोमीटर की दूरी पर ओडिशा का मलकानगिरी जिला सीमा क्षेत्र आरंभ हो जाता है। ऐसे में परिवारजनों के लिए उनसे मुलाकात करना भी अपेक्षाकृत आसान रहेगा। बताया जा रहा है कि जमानत आदेश के बाद वे रायपुर केंद्रीय जेल से बाहर आ चुके हैं और अपने अधिवक्ता से विस्तृत चर्चा के उपरांत ओडिशा रवाना होने की तैयारी में हैं। मलकानगिरी क्षेत्र में भी उनके समर्थकों की संख्या उल्लेखनीय बताई जा रही है, ऐसे में वहां राजनीतिक हलचल और गतिविधियों पर भी सबकी नजरें टिकी हुई हैं। यह जमानत केवल कानूनी राहत नहीं, बल्कि दक्षिण बस्तर की राजनीति में आने वाले समय में नई चर्चाओं और समीकरणों को भी जन्म दे सकती है। उल्लेखनीय है कि यह राहत दक्षिण बस्तर के कोंटा क्षेत्र से सात बार के कांग्रेस विधायक और छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को मिली है।

### दांतों में महंगाई...

का प्रयोग किया जा रहा है। इसमें सिल्वर व कास्ट गोल्ड का प्रयोग होता है। मजबूती के लिए सेरेमिक मटेरियल भी प्रयोग में लाए जा रहे हैं।

### 12 नक्सलियों ने...

रायफल व कारतूस आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम व एसपी डॉ जितेन्द्र कुमार यादव को सौंप दिया। सभी ने छत्तीसगढ़ शासन तथा भारत सरकार की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति तथा पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन शांति और विश्वास की नई शुरूआत करते हुए हथियार डाल दिया। नक्सल संगठन के साउथ सब जोनल ब्यूरो में सक्रिय 12 माओवादी कैडरों ने हिंसा और जनविरोधी विचारधारा छोड़ते हुए मुख्यधारा में लौट आए। एसपी डॉ जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में 1 जनवरी 2024 से अब तक 888 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। गुरूवार को समर्पण करने वाले नक्सलियों पर 54 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। इनमें 8 महिला और 4 पुरुष कैडर शामिल हैं। जिन्होंने सशस्त्र और हिंसक विचारधारा से स्वयं को अलग कर शांति और प्रगति के मार्ग को अपनाते हुए आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम, डीआईजी सीआरपीएफ बीएस नेगी, एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र कुमार यादव, एएसपी अमन कुमार झा, युलैण्डन यार्क, डीएसपी सुदीप सरकार, रोशन आहुजा व विशाल गर्ग के समक्ष मुख्यधारा में शामिल हुए।

### प्लाटून नम्बर 13...

जंगल पहाड़ी क्षेत्र में दक्षिण बस्तर डिविजन डीवीसीएम उधम सिंह एवं अन्य सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना पर आसूचना पर डीआरजी बीजापुर व कोबरा की संयुक्त टीम अभियान पर निकलकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच सुबह सात बजे से रुक-रुककर फायरिंग होती रही। फायरिंग सताप्त होने के बाद सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ स्थल से एक सशस्त्र माओवादी के शव के अलावा स्वचलित हथियार, विस्फोटक एवं माओवादी सामग्री बरामद किया है।

इस मुठभेड़ में दक्षिण बस्तर डिविजन का डीवीसीएम व प्लाटून नम्बर 13 का इंचार्ज उधम सिंह का शव बरामद किया गया है। जिस पर 8 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

**तीन वर्ष से पामेड़ एरिया कमेटी में था सक्रिय-**

एसपी ने बताया कि मारा गया नक्सली उधम सिंह वर्ष 2002-03 में संगठन में पार्टी सदस्य के रूप में शामिल हुआ था। संगठन में शामिल होने के बाद से छग-तेलंगाना बार्डर में वह सक्रिय रूप से कार्य किया तथा पिछले 3 वर्ष से पामेड़ एरिया कमेटी में सक्रिय रहा है। बीजापुर जिले के अलग अलग थानों में उसके खिलाफ 9 अपराधिक मामले दर्ज है। नक्सल संगठन में रहने के दौरान वह विभिन्न घटनाओं में शामिल था, जिसमें वर्ष बड़ी घटना जिसमें 2023 थाना तर्रेम क्षेत्र के गुण्डम के जंगलों में पुलिस पार्टी पर हमला, वर्ष 2024 में थाना बासागुड़ा क्षेत्र के पुतकेल-चिपुरभटटी के जंगल में पुलिस-माओवादी मुठभेड़, वर्ष 2024 में जिड़पल्ली कैम्प पर हमला समेत अन्य मामला शामिल है।

### 1 हजार किलो...

क्षेत्र में पूर्व नियोजित एरिया डॉमिनेशन पैट्रोल की योजना में संशोधन कर सघन तलाशी अभियान चलाया था। हथियारबंद माओवाद के ताबूत में कील ठोकती नारायणपुर डीआरजी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों की हथियार फैक्ट्री के सामान की भारी मात्रा में बरामदगी की है। डीआरजी और पुलिस बल ने किया नक्सलियों के द्वारा छिपाया गया नक्सल हथियार फैक्ट्री से लगभग 1 हजार किलो एल्यूमीनियम छड़ें भी बरामद की है। एसपी नारायणपुर रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि हाल में ही जिला पुलिस द्वारा बीएसएफ के साथ इस क्षेत्र में नवीन सुरक्षा कैंप कोरस्कोडो खोला गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर नारायणपुर पुलिस द्वारा नक्सल मुक्त सशक्त बस्तर की कल्पना को साकार रूप देने क्षेत्र में लगातार नक्सल विरोधी माड़ बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। जिससे पुलिस बल ने आम नागरिकों की विश्वास अर्जन करने में सफलता अर्जित की है। जिसके फलस्वरूप आम नागरिकों के द्वारा नक्सल डंप की जानकारी पुलिस और केन्द्रीय बल से साझा किया जा रहा है।

### तलाशी अभियान में...

(छोटा) 21 नग, तीर धनुष बीजीएल 46 नग, एसएलआर रायफल का खाली मैगजीन 14 नग, पिस्टल खाली मैगजिन के अलावा टुलू मोटर, केरोसिन ब्रश ब्लू पम्प, कटर व्हील, स्क्रू, लाईट थ्री पिन, लाइट सिंगल बटन, वेल्डींग ईलेक्ट्रोड होल्डर, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पैक्ट स्केल, मोटर सायकल स्पोक, रेतमल, ग्रेन्डर मशीन, ग्रेन्डर टूल बाक्स, स्टोक पिन, स्टोक वायसर, ग्रेडिंग विल, मोटर पट्टा तथा अन्य मशिनरी सामान बरामद किया है। बरामद सामग्री को सुरक्षित रूप से थाना सोनपुर लाया गया। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने कहा कि नक्सलवाद के विरुद्ध हमारा अभियान निरंतर जारी है। सुरक्षा बलों की यह मुस्तैदी क्षेत्र में शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। और 31 मार्च की डेड लाइन तक हम नक्सलमुक्त बस्तर के सपने को साकार करेंगे।

### 65 हजार रुपए...

छग गृह निर्माण मण्डल वृत्त अम्बिकापुर के द्वारा किया जाना था। रवि कुमार ने शिकायत दी कि दोनों कार्यों का भौतिक सत्यापन एवं अंतिम समयावृद्धि की अनुशंसा करने के एवज में उपायुक्त (अधीक्षण अभियंता) छग गृह निर्माण मण्डल वृत्त अम्बिकापुर पूनम चन्द अग्रवाल द्वारा 1 लाख रुपए के रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत के बाद एसीबी डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में टीआई शरद सिंह व टीम द्वारा सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी उपायुक्त पूनम चंद अग्रवाल दोनों कार्यों का 30-30 हजार रुपए के हिसाब से कुल 60 हजार रुपए रिश्वत लेकर काम करने को तैयार हुआ।

**कार्रवाई के दौरान बढ़ाई रकम-**

शिकायत का सत्यापन होने के बाद 5 फरवरी को एसीबी की टीम ट्रैप कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम ने 60 हजार रुपए लेकर ठेकेदार को आरोपी उपायुक्त पूनम चंद अग्रवाल को देने के लिए भेजा। इस दौरान कार्यालय कार्यपालन अभियंता छग गृह निर्माण मण्डल संभाग अम्बिकापुर में पदस्थ वरिष्ठ सहायक ग्रेड-02 अनिल सिन्हा को रिश्वत देने को कहा गया। जब ठेकेदार लिपिक अनिल सिन्हा से जाकर मिला तो उसने कहा कि 60 हजार नहीं बल्कि उपायुक्त पूनम चन्द अग्रवाल द्वारा आपसे 70 हजार रुपए लेने को कहा गया है और इसमें एक रुपए भी कम नहीं होगा। इस दौरान काफी मान मनौव्वल बाद 65 हजार रुपए में बात बनी जिसके बाद एसीबी ने ठेकेदार रवि कुमार को पुनः प्रार्थी से अतिरिक्त 5 हजार रुपए फिनाफ्थलीन पाउडर लगे रिश्वती रकम 65 हजार रुपए लिपिक को देने के लिए भेजा जिसमें से 5 हजार रुपए लिपिक ने अपने पास रख लिया जबकि 60 हजार रुपए उपायुक्त पूनम चन्द अग्रवाल को उसके कार्यालयीन कक्ष में जाकर दे दिया गया जिसे उपायुक्त पूनम चन्द अग्रवाल ने अपने टेबल पर मोबाइल स्टैंड से दबाकर टेबल में रखा था। पुलिस ने आरोपी उपायुक्त से 60 हजार और लिपिक से 5 हजार रुपए बरामद किया। इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 7, 12 पीसीएक्ट 1988 (यथा संशोधन 2018) के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### सूरज-चंद्रमा को...

निर्वाचन आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी किए गए थे और उन्होंने न्यायालय से मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने 25 जनवरी, 2022 को केंद्र और निर्वाचन आयोग से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें चुनाव से पहले 'अतार्किक मुफ्त उपहार की घोषणा' करने या इसे वितरित करने वाली राजनीतिक पार्टी के चुनाव चिह्न को जब्त करने अथवा उसे अपंजीकृत करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने इसे एक 'गंभीर मुद्दा' करार दिया था और कहा था कि कभी-कभी मुफ्त उपहार योजना का बजट नियमित बजट से अधिक हो जाता है।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग**
**कुनकुरी जिला-जशपुर (छ.ग.)**

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

आदेश क्र 188 व.ले.लि./2025-26 / कुनकुरी दिनांक 03/02/2026

मुख्य अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ) कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग शिवनाथ भवन नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) के पत्र पृ. कमांक 4263936/निविदा प्रकोष्ठ / 2025/3429 (TC) नवा रायपुर, दिनांक 23.12.2025 के परिपालन में निविदा सूचना क. 03/व.ले.लि./2025-26 दिनांक 26.11.2025 (प्रथम आंमत्रण) निविदा सिस्टम कमांक 180420 (जी-252605087) केराकछार जलाशय योजना के नहरों में 08 नग संरचनाओं का निर्माण एवं पुनर्निर्माण, केनाल बैंक प्रोटेक्शनं कार्य, मुख्य तथा माईनर नहरों में सी.सी. लाईनिंग कार्य एवं मुख्य एवं शाखा नहरों का रिसेक्सनिंग कार्य राशि रू. 550.97 लाख हेतु निविदाकार की संख्या निरंक होने के कारण एतदद्वारा निरस्त किया जाता है।

सहपत्र :- शून्य ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कुनकुरी (छ.ग.)
कृते - मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग अंबिकापुर (छ.ग.)

जी. 252606477/7

**HIGH COURT OF CHHATTISGARH, BILASPUR**

**Tender Notice**

No. 2504 /CPC/2026 Bilaspur, dated 02/02/2026

The High Court of Chhattisgarh, Bilaspur invites its bids in closed envelopes from eligible bidders for Renew/Purchase of 22 nos. of Zoom Workplace Business (Host up to 300 participants) for the use of High Court of Chhattisgarh, Bilaspur.

Interested Parties may view and download the detailed Tender (terms and conditions and Technical Specification) of aforementioned articles on the website viz. https://highcourt.cg.gov.in

I) - Documents Download start Date - 02/02/2026
II) - Last Date of Submission of Physical documents - 16/02/2026 (till 04:30 PM)

Rajnish Shrivastava
Registrar General
High Court of Chhattisgarh,
Bilaspur (C.G.)

G-252606468/2

**जनसंपर्क संचालनालय, छत्तीसगढ़, रायपुर**
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-2221614

क्रमांक-596 / जसंसं/2026 नवा रायपुर, दिनाक 04/02/2026

**विभिन्न अवसरों पर फोटो फ्रेमिंग, तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा सूचना**

जनसंपर्क संचालनालय द्वारा विभिन्न अवसरों पर फोटो फ्रेमिंग तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं नियम-शर्तें छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट https://samvad.cg.inc.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र की कीमत | रूपये 2,000/- (वापसी योग्य नहीं) |
| अमानत राशि | रूपये 50,000/- (बिना ब्याज के वापसी योग्य) |
| प्री-बिड तिथि | दिनांक 12/02/2026 समय दोपहर 2:00 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 25/02/2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 25/02/2026 समय सायं 4:00 बजे |

उपरोक्त निर्धारित तिथि को अपरान्ह 3 बजे तक मात्र उक्त वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्ताव जमा किया जा सकता है। अपरान्ह 3 बजे के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जायेगी। मात्र उक्त वेबसाइट https://samvad.cg.inc.in में संशोधन की जानकारी दी जायेगी।

आयुक्त
जनसंपर्क संचालनालय
नवा रायपुर अटल नगर

जी. 252606495/1

**जनसंपर्क संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर**
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2221614

क्रमांक 595 / जसंसं/2026 नवा रायपुर, दिनांक 04/02/2026

**विभिन्न अवसरों पर फोटोग्राफी, ड्रोन फोटोग्राफी, फोटो एलबम तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा सूचना**

जनसंपर्क संचालनालय द्वारा विभिन्न अवसरों पर फोटोग्राफी, ड्रोन फोटोग्राफी, फोटो एलबम तैयार करने हेतु दर निर्धारण एवं इम्पैनलमेंट हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं नियम-शर्तें छत्तीसगढ़ संवाद की वेबसाईट https://samvad.cg.inc.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| अमानत राशि | रूपये 2,000/- |
| प्री-बिड तिथि | दिनांक 12/02/2026 समय दोपहर 2:00 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 25/02/2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 25/02/2026 समय सायं 4:00 बजे |

उपरोक्त निर्धारित तिथि को अपरान्ह 3 बजे तक मात्र उक्त वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन प्रस्ताव जमा किया जा सकता है। अपरान्ह 3 बजे के पश्चात प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा के नियम शर्तों या अन्य किसी प्रकार संशोधन होने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी नहीं की जायेगी। मात्र उक्त वेबसाइट https://samvad.cg.inc.in में संशोधन की जानकारी दी जायेगी।

आयुक्त जनसंपर्क संचालनालय
नवा रायपुर अटल नगर

जी. 252606494/1

